CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:16 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 18 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 1 जुलाई 2025

'कालीधर लापता' की स्पेशल स्क्रीनिंग...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### करंट की चपेट में आई महिला की उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी।** करंट की चपेट में आने से एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ की और सब का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया। सितारगंज बाली एक्सटेंशन निवासी नज़मी पत्नी मतीन छत पर कपड़े सुखाने गई तभी महिला करंट की चपेट में आ गई। जिसके बाद आनन फानन में परिजन गंभीर अवस्था में महिला को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### फरार अभियुक्तों के खिलाफ अभियान, तीन वारंटी गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने लंबे समय से कई मामलों में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जनपद में एसएसपी के निर्देश पर फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सीओ सिटी प्रशांत कुमार के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी कोतवाली रुद्रपुर के नेतृत्व में पुलिस ने अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त एनआई एक्ट के तीन मामलों में लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया। बताया कि पुलिस लगातार गिरफ्तारी को दबिश दे रही। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सतीश कुमार पुत्र महिपाल निवासी रम्पुरा रुद्रपुर को कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह,दिनेश खड़ायत आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# महेंद्र भट्ट को एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष चुना गया

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। महेंद्र भट्ट को एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। यह पहला अवसर है जब कोई नेता लगातार दूसरी बार उत्तराखंड भाजपा के अध्यक्ष पद पर आसीन हुआ है। केंद्रीय राज्यमंत्री और संगठन चुनाव प्रभारी हर्ष मल्होत्रा ने उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं में शुमार महेंद्र भट्ट को पार्टी में लगातार दूसरी बार प्रदेश का मुखिया नियुक्त किया है।महेंद्र भट्ट के नाम पर केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व दोनों की ओर से सहमति दी गई थी। संगठन चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद के लिए केवल एकमात्र नामांकन महेंद्र भट्ट का हुआ, जिससे वे निर्विरोध चुने गए। घोषणा कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और सह प्रभारी रेखा वर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे। प्रदेश नेतृत्व ने उनके नामांकन का प्रस्ताव पारित किया, जिसे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने ताली बजाकर स्वागत करते हुए सर्वसम्मति से स्वीकार किया। वह पहले ऐसे नेता है जिन्हें भाजपा ने दूसरी बार प्रदेश का नेतृत्व करने का मौका दिया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनकी हर व्यक्ति से सीधा संवाद होता है जिसकी वजह से वह लोकप्रिय हुए हैं और विभिन्न तरह के पर्यवेक्षण में वह सबसे ऊपर और खरे साबित हुए हैं और जिन्हें प्रदेश भर के सभी नेताओं ने सहमति से हाई कमान को प्रस्ताव भेजकर उन्हें दोबारा पार्टी का नेतृत्व करने का मौका दिया है। कें×द्रीय पर्यवेक्षक केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा द्वारा महेंद्र भट्ट के नाम की औपचारिक घोषणा की गई। जिसमें उपस्थित प्रांतीय सदस्यों द्वारा प्रदेशाध्यक्ष के नाम का अनुमोदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर मुहर लगने के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के नामों की भी घोषणा की गई है. जिन चेहरों को राष्ट्रीय परिषद में जगह मिली है, उनमें रमेश पोखरियाल 'निशंक', त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, कल्पना सैनी और अजय टम्टा शामिल हैं।



रेड अलर्ट के चलते चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटी

# आफत: तीन दिन बाद भी नहीं खुला यमुनोत्री हाईवे, सैकड़ों श्रद्धालु फंसे

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

चार धाम यात्रा को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है। अभी भी तीन दिनों से यमुनोत्री हाईवे बंद है। जहां हजारों यात्री अभी भी फंसे हुए हैं। काम युद्धस्तर पर चल रहा है। चारधाम यात्रा को लेकर अपडेट सामने आया है।

यमुनोत्री हाईवे अभी जगह-जगह बंद है। खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। तीसरे दिन भी बंद सैकड़ों श्रद्धालु यमुनोत्री की ओर फंसे हुए हैं। स्थानीय लोग उनकी निशुल्क भोजन और ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं। इसके साथ ही स्याना चट्टी में यमुना नदी पर बनी झील यथावत है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान सिलाई बैंड व ओजरी के पास लैंड-स्लाइडिंग/हाईवे का कुछ हिस्सा वाश आउट होने के कारण अवरुद्ध है। हाईवे को सुचारु करने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। गंगोत्री धाम पर यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। गंगोत्री यात्रा रूट खुला हुआ है। प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी अभी तक फंसे हुए यात्रियों तक नहीं पहुंचा। फिर चारधाम यात्रा से जुड़े हुए लोगों ने श्रद्धालुओं की ठहरने, भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था शुरू की है। प्रदेश सरकार ने भारी बारिश के रेड अलर्ट के चलते चारधाम यात्रा पर लगी रोक को सोमवार सुबह हटा दिया। मौसम की स्थिति के अनुसार जिलाधिकारियों को यात्रा पर निर्णय लेने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन की रिपोर्ट के अनुसार चारधाम व हेमकुंड साहिब में 19 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। जबकि 2684 श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण कराया।

आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे ने बताया कि चारधाम यात्रा पर चौबीस घंटे का प्रतिबंध हटा लिया गया है। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के प्रति सरकार गंभीर है। चारधाम यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले जिलों के डीएम को अपने-अपने क्षेत्र में मौसम की स्थिति के आधार पर वाहनों की आवाजाही रोकने के निर्देश दिए गए हैं।



# आज शहर वासियों को विद्युत कटौती के चलते जूझना पड़ेगा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

शहर वासियों को मंगलवार की सुबह से विद्युत कटौती के चलते जूझना पड़ेगा। हजारों उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का 6 घंटों का सामना करना पड़ेगा। विद्युत वितरण खंड शहर के अंतर्गत आने वाले कालाढूंगी रोड चौराहा और 13 बीघा बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। इस दौरान लगभग 30 हजार उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यू पी सी एल) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 220 केवी कमलुवागांजा उपकेंद्र से निकलने वाले 33 केवी फीडरों को टीबीसी बसवे से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए शटडाउन लिया गया है।

पिटकुल के अधिशासी अभियंता पंकज आर्या ने बताया कि टीबीसी बसवे का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। अब इसे फीडरों से जोड़ा जा रहा है। इस तकनीकी व्यवस्था के लागू होने के बाद किसी भी तकनीकी खराबी की स्थिति में पूरे फीडर को बंद नहीं करना पड़ेगा, केवल प्रभावित क्षेत्र में ही बिजली आपूर्ति बाधित होगी।बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे शटडाउन अवधि में संयम बरतें और आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें। अधिकारियों का कहना है कि काम पूरा होने के बाद भविष्य में मरम्मत या फॉल्ट की स्थिति में उपभोक्ताओं को कम से कम असुविधा होगी।



### कटौती के संकट से जूझेंगे इतने क्षेत्र

बरेली रोड, बाजार क्षेत्र, आजादनगर, धान मिल, उजालानगर, मंडी, नई बस्ती, मंगलपड़ाव गली नंबर दो से चार, मेडिकल कॉलेज, पर्वतीय मोहल्ला, हिमालया फार्म, इंदिरानगर बड़ी रोड, गौजाजाली, शनि बाजार, गल्ला मंडी, मयूर विहार, जोशी कॉलोनी, अलकनंदा कॉलोनी।

# स्कूल के बेसमेंट में चोरों का धावा, कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

चोरों ने एक स्कूल के बेसमेंट में धावा बोलकर वहां रखें समान पर हाथ साफ करते हुए पुलिस को चुनौती देते हुए पुलिस की गश्त की पोल खोली है। स्कूल स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बनभूलपुरा थाना पुलिस को तहसील शॉप पर कार्रवाई की मांग की है पुलिस में तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया। गौजाजाली उत्तर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी आमिल पुत्र कामिल ने पुलिस को बताया कि सोमवार की प्रात: 6.30 बजे प्रार्थी के स्कूल के बेसमेंट में अचानक चोर घुस गए और वहां से कर ड्रिल मशीन, लोहे की जंजीर, स्कूल ड्रेस की बैल्ट सहितअन्य सामान चुरा कर ले गए जब प्रार्थी रोज की भांति अपने स्कूल पहुंचा दो उसने देखा की बेसमेंट में सारा सामान बिखरा पड़ा है उसने आसपास के लोगों से जानकारी जुटा लेकिन कहीं भी पता नहीं चल पाया जब उसने सीसीटीवी कैमरे खोलकर देखें तो उसमें एक चोर बेसमेंट से सामान लेकर के जाता हुआ दिखाई दिया स्कूल स्वामी ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तरह शुरू कर दी है थाना प्रभारी सुशील कुमार जोशी का कहना है कि चोर पुलिस की गिरफ्त में जल्द होगा।

# डीएम ने शारदा नहर के निर्माणाधीन तटबंधों व मेलाघाट जगुड़ा नहर का स्थलीय निरिक्षण किया

**खटीमा**
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अधिकारियों के साथ खटीमा क्षेत्र की बाढ़ चौकियों,ऐंठा नाला,नगला तराई में शारदा नहर के निर्माणाधीन तटबंधों व मेलाघाट जगुड़ा नहर का स्थलीय निरिक्षण किया।

मेलाघाट बाढ़ चौकी सिसईयां व बाढ़ चौकी जंगलजोठी ठेर का निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ चौकियों के बाहर दूरभाष नंबर सहित होर्डिंग लगाने व 24 घंटे कार्मिकों की तैनाती रहने व अपने-अपने क्षेत्र के नदी-नालों के जल स्तर पर पैनी नजर रखने के साथ ही तत्काल सूचनाऐं तहसील व जिला कंट्रोल रूम को तत्काल देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बाढ़ चौकियों में आवश्यक फर्नीचर, सामग्री व सुदृढ़ीकरण के लिए 2-2 लाख रूपये शीघ्र जारी किये जाने के निर्देश आपदा प्रबंधन अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को समय-समय पर बाढ़ चौकियों का निरिक्षण करने के निर्देश दिए।डीएम ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई सितारगंज व सहायक अभियंता सिंचाई उत्तर प्रदेश व संबंधित अधिकारियों के साथ नगला तराई शारदा नहर के तटबंध जो गत वर्ष अतिवृष्टि में टूट गए थे उनके निर्माण कार्य का स्थलीय निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने सहायक अभियंता सिंचाई, उत्तर प्रदेश को त्वरित गति से तटबंध निर्माण कार्य को कराने के निर्देश मौके पर दिए साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार कि समस्या आने पर उपजिलाधिकारी खटीमा से समन्वय बना के उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। इसके उपरांत उन्होंने मेलाघाट के जगुड़ा नहर के तटबंधो का निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान अधिशाषी अभियंता सिंचाई ने बताया कि जगुड़ा नहर में बँधा बनाने व तटबंधों के निर्माण हेतु 4.80 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, धनराशि प्राप्त होने पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। जिस पर डीएम ने अधिशाषी अभियंता को धनराशि उपलब्ध कराने हेतु उच्चाधिकारियों से वार्ता करने के निर्देश दिए।निरिक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र, एसडीएम तुषार सैनी, ईई सिंचाई आनंद सिंह नेगी, लोनिवि एसके अग्रवाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी आदि मौजूद थे।



# रुद्रपर के भव्य अरोरा के नाम ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पर्वतीय संस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आयोजित 23वीं नैनी ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता शहर के गोवर्धन हाल (सेवा समिति) नैनीताल में स्विस लीग पद्धति के आधार पर 7 चरणों में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में रुद्रपुर के भव्य अरोरा ने 6.5 अंकों के साथ 7500 रुपएं की00 नगद के साथ ट्रॉफी अपने नाम की।

इसके अलावा दिल्ली के हिमांशु मोदगिल ने 6अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया उन्हें 06 हजार रुपएं नगद राशि और ट्रॉफ ी दी गई। शाहजहांपुर के आयुष सकसेना ने 6 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें0 04 हजार रुपएं की0 नगद राशि और ट्रॉफ ी प्रदान की गई। मुरादाबाद के जीशान अली भी 6 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे, उन्हें 3500 रुपएं0 नगद और मोमेंटो दिया गया। हल्द्वानी के दर्शील सुतेरी 6 अंकों के साथ पांचवे स्थान पर रहे, उन्हें00 3300 रु पएं की नगद राशि और मोमेंटो दिया गया। शाहजहांपुर के रियाज खान 6 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे उन्हें 03 हजार0 नगद और मोमेंटो दिया गया। रुद्रपुर के श्रेयांशू शाहू 5.5 अंकों से सातवें स्थान पर रहे उन्हें 2500 नगद और मोमेंटो दिया गया। देहरादून के अमित ढ़ोदियाल 5.5 अंकों से आठवें स्थान पर रहे उन्हें 23000 नगद राशि और मोमेंटो दिया गया।



इसके अलावा दिल्ली के आकाश श्रीवास्तव 5.5 अंकों से नवें स्थान पर रहे उन्हें 2 हजार00 नगद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। मुरादाबाद के मंसूर अहमद 5.5 अंकों से दसवें स्थान पर रहे उन्हें 1800 रुपएं नगद राशि और मोमेंटो दिया गया। मुरादाबाद के मोहमद शामिद, हल्द्वानी के ललित लामकोटी, हल्द्वानी के सक्षम दर्शन , नेपाल के धीरज बहादुर चंद्र, हल्द्वानी के राजेंद्र राणा, धैर्य बोहरा व गर्वित पंत क्रमश 11 से 17वें स्थान पर रहे। सभी को 11000 रुपएं और मोमेंटो दिए गए। हल्द्वानी के धुवंश, पंजाब के निखिल चेहल, हल्द्वानी के ही विनोद पाण्डेय तथा देहरादून के रोहित सिंह राणा, नेपाल के धीरंगा जोशी, नैनीताल के देवेश बरगली, हल्द्वानी के अक्षत जनौटी क्रमश- 18वें से लेकर 24 वें स्थान पर रहे। सभी को एक हजार रुपएँ000और मोमेंटो दिया गया। अन्य विशेष पुरस्कारों में बेस्ट वूमन हल्द्वानी की सौमया मेहरा, बेस्ट वेटरन रामपुर के उस्मान अली रहे दोनों को ही एक-एक हजार रुपएं0 नगद राशि और ट्रॉफी दी गई। अंडर 9 वर्ग में गाजियाबाद के रियांश सागर प्रथम, हल्द्वानी के एकलव्य सिंह दूसरे व हल्द्वानी के ही अरनव पांगते तीसरे व हल्द्वानी के दक्ष भट्ट चौथे तथा नैनीताल के अचिंत उपाध्याय पांचवे स्थान पर रहे सभी को ट्रॉफी प्रदान की गई।

अडंर 11 वर्ग में हल्द्वानी की तोषी जनौटी प्रथम, हल्द्वानी के प्रियांशु पांडे दूसरे, नैनीताल की रिभाया जोशी तीसरे जबकि रुद्रपुर के गुरुशरण सिंह चौथे, शाहजहांपुर के आवंश गुप्ता पांचवे स्थान पर रहे सभी को ट्रॉफी प्रदान की गई। अंडर 13 वर्ग में हल्द्वानी के दिव्यांश मटियाली प्रथम, हल्द्वानी के कण्व गुप्ता दूसरे, रुद्रपुर के अभिमन्यु सिंह तीसरे, हल्द्वानी के कार्तिकेय नैनीवाल चौथे व गाजियाबाद के साइंस पांचवे स्थान पर रहे सभी को ट्रॉफी प्रदान की गई। अंडर 15 वर्ग में काशीपुर के प्रखर सकसेना प्रथम, नैनीताल के तेजश कनवाल दूसरे, हल्द्वानी के यथार्थ बिष्ट तीसरे, हल्द्वानी के अंश दीक्षित चौथे तथा रुद्रपुर के सक्षम ग्रोवर पांचवे स्थान पर रहे सभी को ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में आर्बिटर का दायित्व नीरज शाह, शेर सिंह बिष्ट, दिव्यांशु तिवारी, तोषित तिवारी ने निभाया। एडवोकेट एवम सीनियर शतरंज खिलाड़ी डी के जोशी द्वारा खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर ईश्वर तिवारी, विमला तिवारी, अनिल कुमार, विकाश मरदान, ललित साह, मनोह साह, मोहमद मतलूब, जुबैर सिद्दीकी, धीरेन्द्र विष्ट, मोहमद वसीम तथा विभोर भट्ट समेत अनेक शतरंज प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में ईश्वर तिवारी ने सभी का आभार जताया।



## प्रतिभा ज्योति सम्मान समारोह का विशेष आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर कलब की बैठक कलब की अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि इस बार कलब की ओर से आगामी 20 जुलाई (रविवार) को नैनीताल क्लब के शैले हाल में प्रतिभा ज्योति सम्मान समारोह का विशेष आयोजन किया जाएगा। कलब के अध्यक्ष आभा शाह ने बताया इस वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन चंदोला होमयोपैथिक मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए मीनाक्षी कीर्ति को कार्यक्रम संयोजक एवं दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी एवं रमा भट्ट को सह संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी कीर्ति ने बताया इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न स्कूलों के हाई स्कूल के 25 तथा इंटर के 45 बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। सभी स्कूलों से प्रथम विद्यार्थियों की सूची मांग ली गई है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में दीपा पांडे, ज्योति ढौडियाल, तुसी शाह, अमिता शाह, कंचन जोशी एवं कविता त्रिपाठी उपस्थित थी। अंत में अध्यक्ष आभा साह ने सभी का आभार जताया।

## कुमाऊं विवि में अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर किया सम्मानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. निर्मला ढैला बोरा के सोमवार को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर उन्हें निदेशक कार्यालय में सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत सममानित किया गया। इस अवसर पर परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीन आटर्स प्रो.रजनीश पांडे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने प्रो. निर्मला ढैला को शॉल ओढाकर,गणेश जी की मूर्ति तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनकी सेवाओं हेतु धन्यवाद किया । बता दें कि प्रो. निर्मला ढैला बोरा दिसंबर 1993 से डीएसबी परिसर के हिंदी विभाग में अपनी सेवाएं प्रारंभ की तथा वर्तमान में विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग रही तथा विषय के साथ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में महत्पूर्ण सहयोग किया । सममान समारोह पर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा कि प्रो. निर्मला ढैला बोरा का योगदान महत्वपूर्ण रहा । डीन प्रो. रजनीश पांडे ने कहा कि प्रो. निर्मला ने कार्यों के प्रति हमेशा तत्परता रखी, सरलता की प्रतीक प्रो. निर्मला ढैला विद्यार्थियों के मध्य लोकप्रिय रही । कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया । इस अवसर पर प्रो. निर्मला ढेला ने सभी का धन्यवाद किया । कार्यक्रम में प्रो. चंद्रकला रावत,प्रो. हरीश बिष्ट , प्रो. लता पांडे, डॉ मोहन लाल, डॉ संतोष कुमार, डॉ अशोक कुमार, डॉ प्रियंका रुवाली, अमित ,नंदा बल्लभ पालीवाल, आनंद रावत, विपिन चंद्रा, राजेंद्र ढैला, बृजेश जोशी, नासिर, लाल सिंह, डी एस बिष्ट तथा विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे ।



## NEWS / फटाफट

### बजून-अधोड़ा मोटर मार्ग में भारी भूस्खलन



**नैनीताल** । नगर से जुडे समीपवर्ती बजून-अधोड़ा मोटर मार्ग में अनुगेरखेत पर हुए भारी भूस्खलन की वजह से जगह-जगह पर रोड की दीवारें टूट गयी हैं जिसकी वजह से ग्रामीणों को भारी फजीहत उठानी पड़ रही है। गांव की निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रेमा महर ने बताया कि मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को कई दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

भूस्खलन व रोड की दयनीय हालत की वजह से कई लोगों को चोट भी आ गयी है। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई की ओर से इनमें लापरवाही की गयी है। कहा कि अब जल्द ही पंचायत चुनाव होने वाले हैं। गांव वालों का बूथ भी इसी मार्ग में पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द ही मार्ग की हालत ठीक करने की गुजारिश की है।

### डा. नर सिंह गुंज्याल की सेवानिवृति पर विदाई समारोह



**नैनीताल** । कुमाऊं मंडल के स्वास्थ्य निदेशक डा. नर सिंह गुंज्याल की सेवानिवृति पर सोमवार को कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय के स्टाफ और जिला अस्पताल के पीएमएस तथा डाकटरों ने उन्हें विदाई दी। सभी ने उनके उज्वल भविश्य और उत्तम स्वास्थ की कामना की। समारोह में डा. नर सिंह गुंज्याल के परिवारजनों के सांथ ही जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ तरूण कुमार टमटा समेत विशिष्ट चिकित्सक डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल सहित कार्यालय के डॉ उषा बिष्ट, दीपा जोशी, हिमांशु जोशी, कैलाश शर्मा, हरीश आर्या, गौरव सिंह रौतेला, दिनेश कुमार, हीरा गिरी, अनवर एहमद, सुरेन्द्र गिरी तथा अमीचंद आदि मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विकास भवन सभागार भीमताल में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के आठ विकासखंडों के 71 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अनामिका द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण में प्रत्याशियों द्वारा दिनांक 2 जुलाई से 5 जुलाई तक नाम निर्देशन पत्रों के वितरण करने एवं दिनांक 7 जुलाई से 9 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की तिथि 10 व 11 जुलाई तथा निर्वाचन प्रतीक चिह्नो का आवंटन दिनांक 14 जुलाई को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी होने के बाद आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी आशंका होने पर तत्काल नोडल अधिकारियों एवं कंट्रोल रूम में संपर्क किया जाय। इस सम्बन्ध में उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए।



## 360 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 360 वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत सोमवार को उनके नेतृत्व में कर्मचारियों ने गुरना देवी मंदिर परिसर स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया।

पूर्व में लगाए गए पौधों का संरक्षण किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण आंदोलन से जनता के शुभ कायों, जन्मदिन, सालगिरह व विवाह समारोह सें जोड़ते हुए उनके माध्यम से पौधा रोपण कराया जा रहा है। नियमितीकरण नियमावली की मांग को लेकर पौधारोपण कार्यक्रम 3 जुलाई 2024 से चलाया जा रहा है जिसमें अब तक 53 हजार0 से ज्यादा पौधों का रोपण किया जा चुका है।



वहीं इस पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे पौधारोपण आंदोलन का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है ।यह आंदोलन पूरे देश में एक नजीर बन चुका है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही विभिन्न संगठनों, पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं से भी संपर्क कर वर्तमान मौसम को देखते हुए बृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा साथ ही नियमितीकरण की मांग को लेकर महासंघ की एक बैठक की जाएगी जिसमें भावी रणनीति तय की जाएगी।

# अभिमत

## बिना जल, नहीं बिल

*लोगों के घर में पानी के नल लगाने का काम कई जिलों में किया जा चुका है, लेकिन कनेक्शन के बाद भी पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके बावजूद बिल भेजे जा रहे हैं। शिकायत मिलने पर पेयजल निगम प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि जब तक लोगों के घरों में पानी की सप्लाई सामान्य नहीं हो जाती, पानी के बिल नहीं दिये जायेंगे। यदि बिना पानी के बिल वसूला गया होगा, तो बिल लौटाया जायेगा। पहले योजनाओं का प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। बिना पानी के बिल जारी किये जाने की शिकायतें जल संस्थान के साथ ही जल निगम में भी आ रही हैं।*

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना शुरू की गई। लोगों के घर में पानी के नल लगाने का काम कई जिलों में किया जा चुका है, लेकिन कनेक्शन के बाद भी पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके बावजूद बिल भेजे जा रहे हैं। शिकायत मिलने पर पेयजल निगम प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि जब तक लोगों के घरों में पानी की सप्लाई सामान्य नहीं हो जाती, पानी के बिल नहीं दिये जायेंगे। यदि बिना पानी के बिल वसूला गया होगा, तो बिल लौटाया जायेगा। पहले योजनाओं का प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। बिना पानी के बिल जारी किये जाने की शिकायतें जल संस्थान के साथ ही जल निगम में भी आ रही हैं। अभी तक पानी का बिल सिर्फ जल संस्थान जारी करता था, परन्तु जल जीवन मिशन के तहत जल निगम भी बिल जारी कर सकता है। जल जीवन मिशन के तहत सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्र में पानी की पाइप लाइन बिछाई गई है। हर घर में मीटर लगाकर बिल वसूलने का प्रावधान किया गया है। पानी सप्लाई सुनिश्चित किये बिना ही बिल भेजने शुरू कर दिये गये। उधर शहरों के आसपास आवासीय कालोनियां विकसित होने से सिंचाई के लिए स्थापित नलकूपों को जल जीवन मिशन से संबद्ध कर दिया गया, क्योंकि खेतों में घर बन जाने से सिंचाई की जरूरत नहीं है। जिन क्षेत्रों में नल लगाये गये हैं, वहां बहुत से घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। बिल आने से लोगों में आक्रोश है। जल जीवन मिशन के तहत शहरी क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिन इलाकों में पाइप लाइन बिछाई गई है, वहां सप्लाई नहीं शुरू की गई है। नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्र के विस्तार के तहत निकाय में शामिल ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल के साथ सीवर की भी समस्या है। सीवर लाइन जिन क्षेत्रों में बिछा दी गई है, वहां भी सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। जब सभी क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछ जायेगी, तब घरों से जोड़ा जायेगा। कालोनियों में भवनों का निर्माण लगातार होने से पानी की आवश्यकता बढ़ रही है। जरूरत की तुलना में नलकूप नहीं होने से जल संकट गहराता जा रहा है। नलकूप के पम्प में खराबी हो जाने से कई दिनों तक पानी की सप्लाई ठप हो जाती है। टैंकर से पानी की आपूर्ति महंगी पड़ती है। टैंकर से पानी लेने के बाद भी बिल का भुगतान करना पड़ता है। पेयजल लाइन बिछाने वाले ठेकेदार भी नहीं बता पाते हैं कि पानी की सप्लाई कब तक सुनिश्चित हो सकेगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखलेश यादव का मनाया जन्मदिन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव का जन्मदिन समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय, 17 आजाद नगर, हल्द्वानी में बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया।

भारी वर्षा के बावजूद समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के पौत्र द्वारा केक काटकर की गई, जिसे उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और शुभकामनाओं के साथ सराहा। सभी ने अखिलेश यादव के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा, स्वर्गीय नेता जी मुलायम सिंह यादव एवं माननीय अखिलेश यादव जैसे नेता सदियों में एक बार ही जन्म लेते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में सबसे कम उम्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनकर अखिलेश यादव ने इतिहास रच दिया था। उनके कार्यकाल में जनहित और विकास की जो गंगा बही, वह आज भी जनता के बीच एक मिसाल के रूप में याद की जाती है।

सिद्दीकी ने अखिलेश यादव के कार्यों की चर्चा करते हुए बताया कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया, जगह-जगह ओवरब्रिज, एक्सप्रेसवे, मेट्रो, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, पार्क, महिला पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, किसानों को फसलों का समर्थन मूल्य, स्कूली बच्चों को लैपटॉप, टैबलेट, साइकिल वितरण और मात्र 1 में सरकारी अस्पतालों में इलाज जैसी योजनाएं शुरू कीं, जिनका लाभ आज भी प्रदेश की जनता को याद है। उन्होंने वर्तमान व पूर्व सरकारों की तुलना करते हुए कहा कि आज की सरकारें अखिलेश यादव सरकार के कार्यों के मुकाबले आधा भी नहीं कर पाई हैं, जिससे जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे। सभी ने अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी आंदोलन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## सिडकुल में सुनसान जगह पर एक पेड़ पर लटका मिला युवक

**रुद्रपुर।** चौकी सिडकुल क्षेत्र एक कंपनी के पीछे सुनसान जगह पर पेड़ पर एक युवक लटके होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। सूचना पर मृतक के साथ में रह रहे भाई भी पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक यूपी के जनपद शाहजहांपुर के थाना मदनापुर निवासी 24 वर्षीय गोविंद पुत्र राम चरण सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता था। वह अपने भाइयों के साथ यहां ट्रांजिट कैंप में किराए में रहता था। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह 10 बजे वह रोज की तरह अपने कमरे से ड्यूटी के लिए निकला था। इसी बीच उसे किसी ने सेक्टर नौ स्थित राकेट कंपनी के पीछे सुनसान जगह पर एक पेड़ पर फंदा लगा लटका देखा। मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। इस पर किसी ने सूचना सिडकुल पुलिस को दी। सूचना पर सिडकुल चौकी प्रभारी गणेश भट्ट पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही मृतक के भाइयों को मामले से अवगत कराते हुए पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भूमि खरीद फरोख्त के नाम पर धोखाधड़ी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भूमि खरीद फरोख्त के नाम पर धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में हल्द्वानी पुलिस ने तीन भाइयों की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई कुमाऊं मंडलायुक्त के निर्देश पर की गई है। पुलिस के अनुसार, पांडे निवास, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी निवासी मुकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता और बिन्देश गुप्ता पुत्रगण स्व. ओमप्रकाश गुप्ता ने दमुवाढूंगा निवासी मोहन सिंह रौतेला के कहने पर मुखानी क्षेत्र स्थित जज फार्म, रौतेला कॉलोनी में सीटी 13020 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु खरीदने का विचार बनाया। मोहन सिंह रौतेला ने बताया कि उक्त भूमि अमित जोशी पुत्र मनोज जोशी के नाम पर है और उसका पहले से इस भूमि को लेकर अनुबंध हो चुका है। रौतेला पर विश्वास करते हुए तीनों भाइयों ने भूमि के पूर्ण मूल्य का भुगतान मोहन सिंह रौतेला और अमित जोशी को कर दिया। इसके बाद 3400 वर्गफुट और 7000 वर्गफुट भूमि की रजिस्ट्री उनके नाम पर की गई। हालांकि, शेष 2620 वर्गफुट भूमि की रजिस्ट्री अब तक नहीं की गई है। आरोप है कि अमित जोशी अब अतिरिक्त 92 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं और जब तक यह रकम नहीं दी जाती, तब तक शेष भूमि की रजिस्ट्री करने से इनकार कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने पहले ही पूरी रकम का भुगतान कर दिया है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि अमित जोशी और मोहन सिंह रौतेला के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उनके द्वारा भुगतान की गई राशि वापस दिलाई जाए।

### जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित ने कुमाऊं कमिश्नर से रुपए दिलाने को लेकर आरोपी के खिलाफ तहरीर सौंपी है। कुमाऊं कमिश्नर ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है सोप तहसील में महिपाल सिंह अधिकारी पुत्र नंदन सिंह अधिकारी निवासी नगर ईस्ट बिठौरिया नंबर 1ने कहा है कि उसने शिव सिंह दयाल पुत्र जगत सिंह निहाल निवासी 239 आदर्श नगर गली नंबर एक बमोरी तल्ली से 3600 वर्ग फीट जमीन 2460/ प्रति वर्ग फीट के हिसाब से कमलुवागांजा में ली थी जिसमें पीड़ित में पीड़ित ने पच्चीस लाख रुपए का बयाना 20 नवंबर 2023 को दिया था जिसकी रजिस्ट्री आरोपी ने सात माह में करने की बात कही थी। लेकिन 7 माह के बाद भी आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई और पीड़ित को 16 लाख रुपए वापस कर दिए बाकी 9 लाख के लिए कुछ समय लिया लेकिन जब पीड़ित ने आरोपी से अपने ?9 लाख की बात कही तो वह आजकल आजकल कहकर टालने लगा। जब पीड़ित ने आरोपी की नियत में खोट देखी तो उसने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत का दरवाजा खटखटाया जहां दीपक रावत ने आरोपी शिव सिंह नयाल के धोखाधड़ी का मुकदमा करने का आदेश जारी कर दिया कोतवाली पुलिस ने शिव सिंह नेह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## फिल्मी दुनिया

# 'कालीधर लापता' की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान अभिषेक को देख फैंस हुए खुश





*सोमवार को अभिषेक बच्चन ने सिनेमाई दुनिया में 25 साल पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही वह अपनी आगामी फिल्म कालीधर लापता से भी चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा, जिसमें वो फैंस से मिलते दिख रहे हैं। 30 जून 2000 को अभिषेक बच्चन ने रिफ्यूजी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। बीते दिन सोमवार को अभिनेता ने फिल्मों में 25 साल का सफर पूरा कर लिया, जिसके लिए फैंस और एक्टर्स ने उन्हें ढेरों बधाइयां दीं। अभिनेता इस समय अपनी आगामी फिल्म कालीधर लापता के लिए भी सुर्खियों में बने हुए हैं, जो जल्द ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। अब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अभिषेक बच्चन बेहद खुश दिख रहे हैं। आइए देखें वीडियो। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेता अभिषेक बच्चन, फैंस का अभिवादन स्वीकार रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो अभिनेता की आगामी फिल्म कालीधर लापता की एक्सक्लूसिव स्क्रीनिंग के दौरान का है। इसमें अभिनेता बेहद ही कूल अंदाज में दिख रहे हैं और सिर पर ब्लू कलर की टोपी पहन रखी है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिनेता को देखते ही उनके फैंस उनसे मिलने दौड़ पड़ते हैं। वहीं कुछ को उनसे आशीर्वाद लेते हुए भी देखा जा सकता है। साथ ही फिल्मों में 25 साल पूरे करने पर फैंस उन्हें खूब बधाई दे रहे हैं, जिसे देख अभिनेता अभिभूत नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस इस पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि वह अपने पिता बिग बी की तरह ही एक अनमोल रत्न हैं। दूसरे यूजर ने बोला कि वह इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य यूजर्स भी उन्हें फिल्मों में 25 साल पूरे करने पर बधाई दे रहे हैं।*

### फिल्म के बारे में

*मधुमिता के निर्देशन में बनी फिल्म कालीधर लापता 4 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी की बात करें तो यह कालीधर नाम के इंसान के आस-पास घूमती है, जो एक उम्रदराज व्यक्ति है। एक दिन उसे पता चलता है कि उसका परिवार उसे छोड़ने वाला है। इस वजह से वह भाग जाता है और उसकी मुलाकात एक बच्चे से होती है। इसके बाद कहानी में असली मोड़ आता है।*

# पैडल बोट पर बिना लाइफ जैकेट उटपटांग वीडियो हुआ वायरल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीझील में एक युवक की ओर से पैडल बोट पर बिना लाइफ जैकेट उटपटांग वीडियो शूट कर सोशल मीडिया में डाला गया है। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। लोग युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं

बता दें कि सोशल मीडिया में एक युवक की ओर से झील में पैडल बोट में बैठकर एक वीडियो बनाया है। वीडियो में युवक बोट में बैठकर लाइफ जैकेट खोलकर उछलकूद कर जान जोखिम में डालता नजर आ रहा है। जिसका संज्ञान प्रशासन ने भी लिया है। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि सोशल मिडिया में वीडियो पोस्ट करने वाले युवक से सम्पर्क किया जा रहा है।

# कार से बाहर निकलकर वीडियो बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल की लोअर मॉलरोड में कार से, बाहर निकल कर मस्ती करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने कार की तलाश कर कार से बाहर निकलकर वीडियो शूट करने वाले दो युवकों के खिलाफ कारवाई की है। जानकारी के अनुसार सोमवार को तल्लीताल से मल्लीताल को जाती एक कार में युवकों का बाहर निकल कर मस्ती करने का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में एचआर 02 एजेड 2297 में दो युवक कार से बाहर निकलकर वीडियो बना रहे हैं। इस दौरान लोगों ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया।

## News कॉर्नर

### अस्पताल का डिजिटल एक्सरे मशीन खराब, मैनुअल मशीन से चल रहा काम

**नैनीताल।** बीडी पांडे अस्पताल में लगभग एक सप्ताह से डिजिटल एक्सरे खराब हुई पड़ी है। हांलाकिं अस्पताल में मौजूद मैनुअल मशीन से एक्सरे निकाले जा रहे हैं। लेकिन मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि बीडी पांडे अस्पताल में रोजाना 40 से पचास मरीज एक्सरे कराने पहुंचते हैं। जिसके लिए अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन लगाई गई है। जिससे मरीजों को जल्द और साफ एक्सरे मिलने से बेहतर उपचार मिलता है। लेकिन पिछले एक सप्ताह से अस्पताल का डिजिटल एक्सरे मशीन खराब हुई पड़ी है। जिससे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि मशीन का पॉट्स व मकैनिक बाहर से आते हैं। जिसके चलते मशीन अब तक सही नहीं हो पाई। बताया कि पॉट्स मंगा लिया गया है। जल्द ही मशीन ठीक हो जाएगी। तब तक मरीजों का मैनुअल एक्सरे मशीन से एक्सरे निकाला जा रहा है।

### वाहन से 20 हजार की नकदी चोरी, मुकदमा दर्ज

**नैनीताल।** मल्लीताल कोतवाली के पास पार्क में खड़े वाहन का शीशा तोड़कर 20 हजार रुपये और अन्य सामान दो चोर उड़ा ले गए। पुलिस ने शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मल्लीताल निवासी गणेश दत्त खुल्बे ने कोतवाली में शिकायत करते हुए बताया कि उनके घर मे भगवत करने कथावाचक शनिवार को राजेन्द्र कुमार तिवारी नैनीताल पहुंचे। कोतवाली के पास उन्होंने अपना वाहन पार्क किया। रविवार सुबह देखा तो कार का शीशा टूटा था। बताया कि कार से लगभग 20 हजार कीनकदी और अन्य सामान गायब था। उन्होंने कोतवाली में चोरी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# एसटीएच में ओपीडी का समय खत्म होने से पहले ही चिकित्सक गायब

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान, हल्द्वानी**



कुमाऊं का प्रवेश द्वार कहलवाने वाला शहर अपनी ही बे नूरी पर आंसू बहा रहा है। कुमाऊ का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल कहलवाने वाला सुशीला तिवारी चिकित्सालय में चिकित्सकों की लापरवाही आए दिन सामने आने लगी है। ओपीडी का समय खत्म होने से पहले ही चिकित्सक कुर्सी छोड़ चिकित्सालय से निकल अपने निजी चिकित्सालय में चले जाते हैं, ओर दर्द से करहाते मरीजों को अपने पीछे छोड़ जाते हैं। अपनी बारी का इंतजार कर रहे इलाज की आस में घंटों कतार में खड़े मरीज इलाज के लिए दूर दराज से आए है लेकिन वह चिकित्सालय से यह कहकर निकलते हैं कि बड़े बे आबरू होकर निकले तेरे कूचे से, चिकित्सालय में एक मामला प्रकाश में आया है जोअस्थि रोग विभाग का है, जहां मरीजों की ओर से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जी.एस. तितियाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामने आया कि चिकित्सक अपने निर्धारित समय से पहले ही ओपीडी छोड़कर जा चुके थे, जबकि कई मरीजों को अब भी इलाज मिलना बाकी था।

इस लापरवाही से नाराज डॉ. तितियाल ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को पत्र लिखकर विभागीय जिम्मेदारी तय करने और सख्त निर्देश जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकतें अस्पताल की साख को ठेस पहुंचाती हैं और मरीजों के हितों की अनदेखी करती हैं प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने भी मामले को गंभीर मानते हुए सभी विभागाध्यक्षों को कड़ा निर्देश जारी किया है कि ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति हर हाल में सुबह 9 बजे से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार सामने आ रही शिकायतें बताती हैं कि कई चिकित्सक समय की परवाह किए बिना मनमानी कर रहे हैं, जिससे दूरदराज से आने वाले मरीजों को खासा नुकसान उठाना पड़ता है।

प्राचार्य ने यह भी चेताया कि एनएमसी के नियमानुसार समय पर ड्यूटी पर मौजूद रहना चिकित्सकीय जिम्मेदारी है, और अब किसी भी स्तर की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुशीला तिवारी चिकित्सालय में समूचे उत्तराखंड के मरीजों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के भी मैरिज इस आश्वासन से आते हैं की उनको यहां बेहतर इलाज मिलेगा लेकिन यहां मरीज तो बीमार होता ही है लेकिन उसके साथ आए तीमारदार भी बीमार हो जाते हैं। हालांकि अस्पताल प्रशासन आए दिन मरीज को सही इलाज और अस्पताल सारी सुख सुविधाओं से लैस होने का दवा तो करता दिखाई देता हैं लेकिन अस्पताल प्रशासन के यह दावे पूरी तरह से खोखले साबित होते दिखाई दे रहे हैं। अस्पताल प्रशासन आए दिन चिकित्सकों को चेतावनियां देते नजर आते हैं लेकिन यह चेतावनिया मात्र सिर्फ एक दिखावा ही है।

# पुलिस की शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई,दो तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत अवैध शराब की रोकथाम को अभियान शुरू कर दिया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने दो शराब तस्करों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस चौकी क्षेत्र शिमला पिस्तौर पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस को उस संदेश हुआ और उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम जोगेन्द्र सिंह उर्फ गन्दी पुत्र तेजा सिंह निवासी किच्छा रोड बगवाड़ा हाल शिमला पिस्तौर, थाना रुद्रपुर बताया । पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में



कच्ची शराब भी बरामद की। पुलिस के मुताबिक वह कच्ची शराब सप्लाई करने जा रहा। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा सब इंस्पेक्टर मोहन चन्द्र जोशी, नबीन गिरी, ललित मोहन आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। उधर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में चलाए गए अभियान के तहत बलविंदर सिंह पुत्र कश्मीरसिंह निवासी रायपुर थाना रुद्रपुर को एक कट्टे में 50 पाउच कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के दौरान एसआई देवेन्द्र सिंह मेहता,कृष्णा टम्टा, यशपाल सिंह आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पंचायती चुनाव के दौरान शराब की सप्लाई के रोकथाम के लिए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया। गिरफ्तार दोनों शराब तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रो.प्रदीप कुमार जोशी को उच्च शिक्षा और सार्वजनिक प्रशासन में सुधार के क्षेत्र में सम्मानित किया

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने आईसीएआर-आईवीआरआई, इज्जतनगर बरेली (केंद्रीय मनित विवि)11वें दीक्षांत समारोह में प्रो.प्रदीप कुमार जोशी को उच्च शिक्षा और सार्वजनिक प्रशासन में सुधार के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा डायरेक्ट ऑफ साइंस की उपाधि से सम्ममानित किए जाने पर खुशी जताई है।

कूटा के मुताबिक प्रो.प्रदीप कुमार जोशी एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और प्रशासक हैं जो वर्तमान में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के मानद अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। यह एजेंसी शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्य करती है। प्रो. जोशी सेंट्रल ग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी सीएयू इंफाल मणिपुर और प्राज्योतिषपुर विश्वविद्यालय गुवाहाटी असम के कुलाधिपति भी हैं।

कूटा की ओर से प्रो.जोशी उपाधि मिलने पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ. विजय कुमार समेत कूटा परिवार की तरफ से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी हैं।



# कथित सीबीआई अधिकारी के मामले में पुलिस कर्मी दोषमुक्त

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जनपद की न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज जूनियर डिवीजन तनुजा कश्यप के न्यायालय ने नैनीताल के एक बहुचर्चित कथित सीबीआई अधिकारी के मामले में पूर्व पुलिस कर्मी को 6 वर्षों तक चली लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद दोषमुक्त घोषित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई 2029 को नैनीताल की मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने मल्लीताल कोतवाली पुलिस में भी पूर्व में कार्यरत- सेवानिवृत पुलिस कर्मी चार्टन लॉज पॉपुलर कंपाउंड मल्लीताल निवासी मोहमद आसिफ पुत्र मोहमद यामीन पर आरोप लगाया था उन्होंने उसैद पासा पुत्र मो. अकरम निवासी साहपुर डसर थाना असमोली जनपद संभल उत्तर प्रदेश और खुद को सीबीआई को आईजी रैंक पर होना बताया। इस आधार पर मो. आसिफ को उसैद पासा के साथ इसी दिन हिरासत में लेकर अगले दिन न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले में कोतवाली पुलिस ने 23 अकटूबर 2019 को आरोप पत्र दाखिल किया और आरोपित पर 2 नवंबर 2022 को आरोपित विरचित किये गये। मामले में 23 जनवरी 2024 को आरोपित उसैद पाशा को नाबालिग घोषित करते हुए उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड नैनीताल को प्रेषित की गयी वहीं आरोपित की ओर से न्यायालय में कहा गया कि वह सह आरोपित उसैद पाशा को जानते भी नहीं हैं और उनसे पुलिस कोई पूछताछ भी नहीं की और उनसे कोई बरामदगी भी नहीं हुई, उन्होंने कोई कूटरचित दस्तावेज भी नहीं बनाये। कूटरचित दस्तावेजों का कहीं उपयोग भी नहीं किया गया। इसके बावजूद उन्हें कोतवाली ले जाकर सीधे मुकदमा दर्ज कर दिया गया। यह बाद साक्ष्यों से भी पुष्ट हुई।

आरोपित मो. आसिफ से फर्जी प्रपत्र तैयार करने के संबंध में कोई भी लैपटॉप या अन्य प्रपत्र नहीं मिले बल्कि उसैद पाशा ने ही यह प्रपत्र तैयार करवाये थे। उसैद पाशा से ही पुलिस ने एक वॉकी टॉकी बरामद किया था जिसे पुलिस ने मो. आसिफ से बरामद बताया। मामले में उप निरीक्षक दीपक बिष्ट ने भी अपनी प्रतिपरीक्षा में कहा कि उन्होंने मो. आसिफ से पूछताछ नहीं की थी। अभियोजन उसैद पाशा से प्राप्त प्रपत्रों को कूटरचित साबित करने में भी विफ ल रहा। इस आधार पर न्यायालय ने आरोपित मो. आसिफ को भारतीय दंड संहिता की धारा 467,468 एवं 120 बी के अंतर्गत दोषमुक्त होने के लिये पर्याप्त आधार पाते हुए दोषमुक्त घोषित कर दिया है। दोषमुक्त घोषित होने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा उन्हें बिना कारण फंसाये जाने पर कहा कि इसके बावजूद वह पुलिस कर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं करने जा रहे हैं कयों कि वह चाहते हैं कि पिछले 6 वर्षों में वह व उनका परिवार जितना परेशान रहा है, उस परेशानी में वह उन पुलिस कर्मियों को नहीं डालना चाहते हैं। इस दौरान अभियुकत की ओर से अधिवकता आर.एस.बोरा ने पैरवी की जबकि सहायक अभियोजन अधिकारी सुमित कन्याल रहे।

### युवती का अश्लील वीडियो वायरल, मुकदमा

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में प्रसारित करने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

मल्लीताल निवासी एक युवती ने शिकायत करते हुए कहा हैं कि उसकी एक व्यक्ति से इंन्टाग्राम के माध्यम से जान पहचान हुई थी। इन्टाग्राम में बातें होने के बाद व्हाट्सएप में दोनों की बातें होने लगी।

# फारेंसिक जांच क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

**प्रशिक्षण**

● आईजी के आदेश के बाद पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ

सोमवार को पुलिस लाइन में आइजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के आदेश के बाद फारेंसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि फारेंसिक प्रशिक्षण से वैज्ञानिक पुलिसिंग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अपराधियों को वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाकर सजा भी दिलाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि फारेंसिक जांच क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को आधुनिक अपराधों की पहचान और सुलझाने के लिए आवश्यक उन्नत फारेंसिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करना है। बाद में प्रशिक्षण में मौजूद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के वैज्ञानिक अधिकारी हेमंत होलकर, कुमारी सोनी और निरीक्षक पुनीता बलोदी ने अपराध स्थल प्रबंधन, उन्नत फिंगर प्रिंट, ट्रेस साक्ष्य, फारेंसिक फोटोग्राफी,डीएनए साक्ष्य संग्रह के साथ ही गोलीबारी से संबंधित साक्ष्य और दस्तावेज की प्रमाणिकता की जांच की प्रारंभिक जानकारी दी। इस दौरान कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर समेत पांच कर्मी सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह आयोजित

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

जनपद में तैनात पुलिस विभाग से एक इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिस कर्मी सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में एक भव्य सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया हुआ। इस दौरान एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन्होंने अपने सेवाकाल में निष्ठा, साहस और समर्पण के साथ कर्तव्य का निर्वहन करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने में अमूल्य योगदान दिया। भावपूर्ण समारोह पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों को पुलिस अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर



सम्मानित किया। इस मौके पर एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, एएसपी संचार आरडी मठपाल, सीओ पंतनगर डीआर वर्मा, पीआरओ इंस्पेक्टर प्रकाश दानू, डीसीआरबी प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह बृजवाल,टीएसआई/ प्रभारी आरआई धनपाल तनवार समेत अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी अन्य मौजूद रहे। उधर थाना पंतनगर और चौकी सिडकुल में सेवानिवृत्त हुए पीआर विश्वकर्मा का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उनके कार्यकाल की सराहना की। कहा कि विश्वकर्मा ने पद पर रहते हुए अपने दायित्वों को निष्ठा पूर्वक और अनुशासन से निभाया। विश्वकर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यहां पर सीओ पंतनगर डीआर वर्मा, प्रभारी निरीक्षक पंतनगर सुंदरम शर्मा, चौकी प्रभारी सिडकुल गणेश दत्त भट्ट के अलावा चौकी के कर्मी और सिडकुल एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों ने भी अपने वर्षों के अनुभवों को साझा किया और विभाग तथा अपने सहकर्मियों के सहयोग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**जनपद से विभाग से ये हुए सेवानिवृत्तः** प्रभारी निरीक्षक जसपुर जगदीश सिंह ढकरियाल, चौकी सिडकुल में तैनात सब इंस्पेक्टर प्रकाश राम विश्वकर्मा, एएसआई उर्मिला साह टेलीकॉम, पुलिस संचार इकाई, हेड कांस्टेबल पुलिस लाइन जयशंकर, सब इंस्पेक्टर विशेष गोपाल राम थाना-दिनेशपुर